आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 27.10.2020

आरेडिका में सतर्कता जागरूकता सप्ताह प्रारम्भ

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2020 तक मनाया जा रहा हैं ।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर महाप्रबंधक/आरेडिका श्री विनय मोहन श्रीवास्तव के नेतृत्व में सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों द्वारा सतर्कता प्रतिज्ञा की शपथ ली गयी। कोविड–19 की वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग के साथ समस्त विभागाध्यक्षों द्वारा अपने–अपने कार्यालयों में भी सतर्कता प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गयी।

इस वर्ष आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह का मुख्य विषय **"सतर्क भारत समृद्ध भारत"** है । सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान दिनांक 27.10. 2020 से 02.11.2020 तक विभिन्न क्रियाकलापों का आयोजन किया जायेगा जिसमें मुख्य रूप से संगठन की नीति/प्रक्रियाओं, निवारक सतर्कता उपायों एवं कार्य निविदा/सेवा निविदा/भंडार निविदा पर जानकारी के प्रचार एवं प्रसार हेतु वेबिनार, ग्राहक/विक्रेता/ठेकेदार शिकायत निवारण शिविर, वाद–विवाद/निबंध लेखन/कार्टून/पोस्टर प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर आरेडिका के अधिकारियों व कर्मचारियों ने सतर्कता प्रतिज्ञा को लेकर शुचिता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने का बीड़ा उठाया है।

Rajiv 27/10/2020

(राकेश रंजन)
कृते मुख्य जन–संपर्क अधिकारी